

श्रीमती सानिया मिर्जा
Smt. Sania Mirza



पद्म भूषण
Padma Bhushan



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए
Receiving the decoration from the President

श्रीमती सानिया मिर्जा

श्रीमती सानिया मिर्जा अब तक की सबसे सफल महिला भारतीय टेनिस खिलाड़ी और देश के हाई–प्रोफाइल एथलीटों में से एक हैं।

2. आपका जन्म 15 नवम्बर, 1986 को हुआ। वर्तमान में आप महिला डबल्स की रैंकिंग में नं.1 हैं। वर्ष 2003 से लेकर वर्ष 2012 में आपके एकल टूर्नामेंटों से सन्यास लेने तक, महिला टेनिस एसोसिएशन द्वारा एकल तथा डबल्स दोनों में आपको भारत की नं.1 खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त हुआ। अपने एकल टूर्नामेंटों के कॅरिअर में, आपने ग्रैण्ड स्लैम विजेताओं जैसे–श्वेतलाना कुजनेत्सोवाय मैरियन बारटोलीय के साथ–साथ विश्व के पूर्व नामी–गिरामी खिलाड़ियों जैसे मार्टिना हिंगिस, दिनारा सैफमा तथा विक्टोरिया अजरेंका पर उल्लेखनीय जीतें दर्ज की हैं।

3. आप, भारत की अब तक की सर्वोच्च वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी हैं और 2007 के मध्य में एकल टूर्नामेंटों में सफलता अर्जित करते हुए विश्व की नं.27 रैंक की खिलाड़ी बनीं। हालांकि, कलाई की बड़ी चोट और दोनों घुटनों तथा दाहिने हाथ की कलाई में करायी गई तीन शल्य–चिकित्सा (सर्जरी) के चलते आप एकल टूर्नामेंटों के कॅरिअर से हटने पर मजबूर हुईं और तब आपने केवल डबल्स सरकिट पर ही अपना पूरा ध्यान केन्द्रित किया, जहां आप 12 अप्रैल 2015 से अब तक विश्व की नं.1 खिलाड़ी बनी हुई हैं। आपने पहले ही शीर्ष वरीयता (टॉप रैंकिंग) में 44 सप्ताह पूरे कर लिए हैं और यह किसी भी विश्व के नं.1 की वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी (पुरूष अथवा महिला) द्वारा नं.1 पर बने रहने की अब तक सबसे लम्बी अवधि है। हाल ही में, आप मार्टिना हिंगिस के साथ महिलाओं के डबल्स टेनिस में जोड़ी बनाते हुए 39 मैचों में अविजित रही हैं।

4. आपने प्रो–लेवल एकल टाइटल जीतने, छह बड़े टाइटल्स (महिलाओं के डबल्स और मिश्रित डबल्स, प्रत्येक में तीन) जीतने के साथ–साथ कारा ब्लैक के साथ 2014 में डब्ल्यू. टी. ए. के लिए क्वालीफाई करने (और वास्तव में जीत हासिल करने) तथा परवर्ती वर्ष में मार्टिना हिंगिस के साथ जोड़ी बनाते हुए अपने टाइटल की रक्षा करने सहित भारत के लिए कई कारनामें पहली बार किए। किसी ग्रैण्ड स्लैम टूर्नामेंट की अंतिम 16–स्तर तक पहुंचने वाली भी आप पहली भारतीय महिला हैं। आपने एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों तथा अफ्रीकी–एशियाई खेलों जैसे तीन बड़े मल्टी–स्पोर्ट समारोहों में (छह स्वर्णपदक सहित) कुल 14 पदक भी जीते हैं। आपने बीजिंग (2008) तथा लंदन (2012) में आयोजित ओलम्पिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

5. आपको अक्टूबर, 2005 में टाइम्स द्वारा "50 हीरोज ऑव एशिया" में चुना गया था। मार्च, 2010 में 'द इकोनोमिक्स टाइम्स' ने आपका नाम भारत की 33 गौरवशाली महिलाओं में शामिल किया। 25 नवम्बर, 2013 को, महिलाओं के प्रति हिंसा को समाप्त करने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित सामारोह में आपको दक्षिण एशिया के यू एन वूमेन्स गुडविल ऐम्बेस्डर के रूप में नियुक्त किया गया। वर्ष 2014 में तेलंगाना सरकार ने आपको राज्य का ब्राण्ड–ऐम्बेस्डर नियुक्त किया।

6. आपको, वर्ष 2004 में अर्जुन पुरस्कार, 2006 में पद्मश्री, 2005 में डब्ल्यू टी ए न्यू कार्नर ऑव द इयर तथा वर्ष 2015 में राजीव गांधी खेल रत्न सहित कई एक पुरस्कारों से नवाजा गया है।

Smt. Sania Mirza

Smt. Sania Mirza is the most successful female Indian tennis player ever and one of the high-profile athletes in the country.

2. Born on 15 November 1986, Smt. Mirza is currently ranked No. 1 in the women's doubles rankings. From 2003 until her retirement from singles in 2012, she was ranked by the Women's Tennis Association as India's No. 1 player, both in singles and doubles. In her singles career, she has notable wins over Grand Slam champions like Svetlana Kuznetsova, Marion Bartoli; as well as former world No. players like Martina Hingis, Dinara Safma, and Victoria Azarenka.

3. Smt. Mirza is the highest-ranked female player ever from India, peaking at world No. 27 in singles in mid-2007. However, a major wrist injury and three surgeries on both knees and the right wrist forced her to give up her singles career and focus on the doubles circuit, where she is currently ranked No. 1 in the world since 12th April 2015. She has already completed 44 weeks at the top of the rankings and this is the longest period that an Indian (man or woman) has ever been ranked number 1 in the world in tennis. Currently, she paired together with Martina Hingis is on a 39 match unbeaten run in women's doubles tennis.

4. Smt. Mirza has achieved a number of firsts for India, including winning a Pro-level single title, and winning six major titles (three each in women's doubles and in mixed doubles), as well as qualifying for (and eventually winning) the WTA Finals in 2014 alongside Cara Black, defending the title the following year partnering with Martina Hingis. She is also the first Indian woman to reach the last-16 stage of a Grand Slam tournament. She has also won a total of 14 medals (including 6 Gold) at three major multi-sport events, namely the Asian Games, the Commonwealth Games and the Afro-Asian Games. She has represented India at the Olympics in Beijing (2008) and London (2012).

5. Smt. Mirza was named one of the "50 heroes of Asia" by Time in October 2005. In March 2010, The Economic Times named her in the list of the "33 women who made India proud". She was appointed as the UN Women's Goodwill Ambassador for South Asia during the event held to mark the International Day to End Violence against Women on 25 November 2013. In the year 2014, the Government of Telangana appointed her as the brand Ambassador of the state.

6. Smt. Mirza has been honoured with many awards including Arjuna award in 2004, Padma Shri in 2006, WTA New Corner of the Year in 2005 and Rajiv Gandhi Khel Ratna in 2015.